अवध आनंद भयो | By Nisha Dwivedi

घर आ गए लक्ष्मण राम अवध आनंद भयो
अवधपुरी में सियाराम का मंदिर बना है भारी
हनुमान और लखन विराजे, संग में विराजे सीता प्यारी
अवध आनंद भयो .....
घर आ गए लक्ष्मण राम अवध आनंद भयो

राम नाम का जय जयकारा अवध में भारी शोर
भगवा ही भगवा लहराए अवध में चारों और
अवध आनंद भयो .....
घर आ गए लक्ष्मण राम अवध आनंद भयो

राम आगमन हो जाने से अवध हुई खुशहाली
सारे जगत में फिर से आई दीपों की प्यारी दिवाली
अवध आनंद भयो .....
घर आ गए लक्ष्मण राम अवध आनंद भयो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a4%a7-%e0%a4%86%e0%a4%a8%e0%a4%82%e0%a4%a6-%e0%a4%ad%e0%a4%af%e0%a5%8b-by-nisha-dwivedi/